करने की आशा है। दूसरी परियोजनाएं अयोजन कार्यान्विति की विभिन्न चरणों में हैं।

गुजरात तेल शोधक कारखाना

5243. **श्री महाराज सिंह भारती: : क्या पेट्रोलियम और रसायन** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि गुजरात तेल शोधक कारखाने तथा कैटेलिटिक तेल शोधक यूनिट के लिए, गुजरात तेल शोधक कारखाने के परियोजना प्रतिवेदन में बीस लाख टन की पूरी क्षमता के लिए जितने व्यक्तियों को भर्ती करने का सुझाव दिया गया था, उससे अधिक व्यक्तियों को दस लाख टन क्षमता के पहले चरण के लिए भर्ती किया गया है;

(ख) क्या यह भी सच है कि काम का कोई स्तर निर्धारित किए बिना कुछ व्यक्तियों की भर्ती की गई है; और

(ग) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं;

पेट्रोलियम और रसायन तथा समाज कल्याण मंत्रालयमें राज्य मंत्री (श्री रघुरामैया): (क) और (ख). जी, नहीं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

दिल्ली में 250 वर्ग गज के प्लाटों की लाटरी डाल कर बिक्री

5244. **श्री रघुवीर सिंह शास्त्री : क्या निर्माण, आवास तथा पूर्ति** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली विकास प्राधिकार ने निर्णय किया था कि 250 वर्ग गज और उससे कम के सभी प्लाट नीलामी के स्थान पर लाटरी डालकर उचित मूल्य पर बेचे जाएंगे, जो अल्प तथा मध्यम आय वर्ग का व्यक्ति दे सके;

(ख) क्या यह सच है कि इस निर्णय के विपरीत विभिन्न कालोनियों में जैसे पंखा रोड और वजीरपुर कालोनी में 250 वर्ग गज और उससे कम के प्लाटों की नवम्बर और दिसम्बर, 1967 में नीलामी की गई है; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और इस बारे में दिल्ली प्रशासन की क्या प्रतिक्रिया है?

निर्माण, आवास तथा पूर्ति मंत्रालय में उपमंत्री (श्री इकबाल सिंह): (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग). प्रश्न ही नहीं उठता।

खबंड में तेल की सम्भावनाएं

5246. **श्री रघुवीर शास्त्री :**
श्री प्रकाशवीर शास्त्री :
डा० सूर्य प्रकाश पुरी :
श्री रामावतार शर्मा :

क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या खबंड (खम्भात) में तेल की खोज के कार्य में एक अमरीकी कम्पनी के सहयोग के प्रस्ताव पर पूरी तरह विचार कर लिया गया है; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में कब तक अन्तिम निर्णय कर लिया जाएगा?

पेट्रोलियम और रसायन तथा समाज कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रघुरामैया) : (क) और (ख). खम्भात की खाड़ी में अतटीय अन्वेषण के बारे में कई तेल कम्पनियों के साथ अभी बातचीत जारी है और निकट भविष्य में अन्तिम निर्णय होने की सम्भावना है।

औषधियों के लिये आयातित कच्चा माल

5247. **श्री मोलहू प्रसाद : क्या पेट्रोलियम और रसायन** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि औषधियां तैयार करने के काम में आने